कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-22.09.2024

विषयः- थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा शातिर चोर सुनील सोनकर गिरफ्तार, कब्जे से कुल 03 अदद ए0टी0एम0 कार्ड बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-424/24 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित शातिर अभियुक्त सुनील सोनकर पुत्र स्व0 चंद्रबली निवासी कोडिया ठकठोलिया कोरिया थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को आज दिनांक-22.09.2024 को समय करीब 04.20 बजे इंडियन बैंक एटीएम सुध्दीपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 03 अदद ए0टी0एम0 कार्ड बरामद किये गये। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-21.09.2024 को वादी मुकदमा/पीड़ित डा0 ओम प्रकाश चौबे पुत्र स्व0 राधेश्याम चौबे निवासी एस एच 17/42-एस-5 इंद्रपुर शास्त्रीधाम कॉलोनी थाना शिवपुर जनपद वाराणसी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक-19.09.2024 को समय करीब शाम 04.05 बजे वे एस0बी0आई0 गिलेट बाजार शिवपुर बाईपास वाराणसी से जौनपुर वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के निकटस्थ ए0टी0एम0 से पैसे निकालने गये थे तभी पीछे से एक अज्ञात व्यक्ति वादी के पॉकेट से ए0टी0एम0 डेबिट कार्ड निकाल कर भाग गया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में मु0अ0सं0-424/24 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 भूपेन्द्र कुमार द्वारा संपादित की जा रही है।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण- अभियुक्त सुनील सोनकर उपरोक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-19/09/2024 को मैं एक ए0टी0एम0 गिलट बाजार एस0बी0आई0 ए0टी0एम0 से लेकर भागा था और उसी ए0टी0एम0 से मैं आज पैसा निकालने वाला था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सुनील सोनकर पुत्र स्व0 चंद्रबली निवासी कोडिया ठकठोलिया कोरिया थाना शाहगंज जनपद जौनपुर, उम्र करीब 33 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- इंडियन बैंक एटीएम सुध्दीपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी के पास से, दिनांक-22.09.2024 को समय करीब 04.20 बजे।

बरामदगी का विवरण- 03 अदद एटीएम कार्ड (एस0बी0आई0) बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-424/24 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 भूपेन्द्र कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- हे0का0 सुनील कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- का0 अश्विनी आर्य थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।